खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया में 50 आवासीय शैय्या वाले पर्यवेक्षण गृह, प्राचार्य आवास, स्टाफ आवास और गार्ड के लिए कमरा का निर्माण कार्य के लिए दिनांकः 18.07.2018 को प्राप्त ई0–पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 28.09.2018 को आहूत बैठक की कार्यवाहीः–

---

उपस्थितिः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री **अमित कुमार**, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री **उपेन्द्र नारायण**, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 3. | श्री **अमित कुमार**, संयुक्त सचिव–सह–आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 4. | श्री **राकेश कुमार**, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. | श्री **तपेश्वर प्र0 साह**, महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 6. | श्री **रंजित प्र0 सिंह**, महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |

**कार्यवाहीः–**

**1.योजना का नामः–** खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया में 50 आवासीय शैय्या वाले पर्यवेक्षण गृह, प्राचार्य आवास, स्टाफ आवास और गार्ड के लिए कमरा का निर्माण कार्य।

**2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** :– ₹5,99,89,440.00
(समाज कल्याण विभाग का पत्रांक–02, दिनांक, 16.01.2015)

**3.पुनरीक्षित प्रावैद्यिक स्वीकृति की राशि** :– ₹4,98,04,000.00

**4.परिमाण विपत्र की राशिः–** ₹4,50,26,373.00

**5.निविदा प्राप्त करने की तिथिः–** 18.07.2018

**6.निविदा खोलने की तिथिः–** 20.07.2018

**7.निविदा प्रसारण का माध्यमः–** ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र

**8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नामः–** दैनिक जागरण, दिनांक 26.06.18

**9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्याः–** 4132 (Ni.Ni) 2018–19

**10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पताः–**

(i) मेसर्स राजा इन्टरप्राइजेज एण्ड कंपनी, ग्रा0+पो0–बभनगामा, जिला–बेगुसराय हैं
(ii) उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम–पगहीया, पो0–परसौनी कपूर, थाना–कथैया, मुजफ्फरपुर, बिहार।
(iii) मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय।

**12. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–**

प्रथमवार आमंत्रित निविदा की स्थितिः– इस कार्य हेतु पूर्व में दिनांक 11.02.2015 को निविदा प्राप्त की गई थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार–पत्र में हुआ था। जिसका पी0आर0 संख्या–11569 नि0नि0–2014–2015 है, जिसमें सफल निविदादाता मे0 आर0 के0 कंस्ट्रक्शन बेगूसराय को मुख्य महाप्रबंधक के पत्रांक 769(अनु0) दिनांक 24.02.2015 द्वारा कार्यावंटन किया गया था। जिसके आलोक में मे0 आर0 के0 कंस्ट्रक्शन बेगूसराय द्वारा एकरारनामा सं0–01SBD/2015-16 दिनांक 02.05.2015 किया गया जिसकी कार्यावधि 12 माह थी। परन्तु कार्यावधि समाप्त होने के उपरांत भी उपयुक्त आकार का स्थल उपलब्ध नही होने, एक मंजिला भवन के स्थान पर दो मंजिला भवन का नक्शा अनुमोदित होने तथा अनुसूचित दर में बढ़ोत्तरी होने के कारण दिनांक 20.01.2018 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति का दिनांक 25.01.2018 को आहूत बैठक में उक्त एकरारनामा को रद्द कर पुनर्निविदा करने के निर्णय के आलोक में दिनांक 21.03.2018 को ई–निविदा प्राप्त की गई ।

<u>द्वितीयवार आमंत्रित निविदा:-</u> इस कार्य हेतु दिनांक 21.03.2018 को निविदा प्राप्त की गई थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार-पत्र में हुआ था। जिसका पी0आर0 संख्या-14275 नि0नि0-2017-2018 है, जिसमें एकमात्र निविदादाता मे0 आर0 के0 कंस्ट्रक्शन बेगूसराय सफल हुए थे। योजना का स्वरुप (Scope of Work) भिन्न होने के कारण तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा को प्रथमवार निविदा मानते हुए वित्त विभाग की अधिसूचना सं0-7806/वि0, दिनांक 30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पूनर्निविदा करने की अनुशंसा की गयी थी। अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति की दिनांक 15.06.2018 को आहूत बैठक में पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

<u>तृतीयवार आमंत्रित पुनर्निविदा (वर्त्तमान):-</u> इस निविदा में तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया है। तीनों निविदादाताओं द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, मुंगेर द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता मेसर्स राजा इन्टरप्राइजेज एण्ड कंपनी, ग्रा0+पो0-बभनगामा, जिला-बेगुसराय हैं। इनका निबंधन संख्या-प्रथम (फर्म)-34(भवन)/2016, जिसकी वैद्यता 11.07.2021 एवं विद्युत निबंधन सं0-4702/2012, जिसकी वैद्यता 31.12.2019 तक है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5(B)(a) के अनुसार इनका (Plants and Equipments) के अन्तर्गत Water Tanker & Vibrator, Shuttering Plate पॉच वर्षो से ज्यादा पुराना है। अत: एस0बी0डी0 की उक्त कंडिका के तहत इन्हें नॉन रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

द्वितीय निविदादाता उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम-पगहीया, पो0-परसौनी कपूर, थाना-कथैया, मुजफ्फरपुर, बिहार, हैं। इनका निबंधन संख्या-प्रथम (प्रो0+फर्म)-34(भवन)/2017, जिसकी वैद्यता 29.05.2022 एवं विद्युत निबंधन सं0-23/2017, जिसकी वैद्यता 31.12.2020 तक है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

तृतीय निविदादाता मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय हैं। इनका निबंधन आर डब्लु डी, संख्या-1160074 प्रथम श्रेणी, दिनांक 05.02.2016, जिसकी वैद्यता 04.02.2021 एवं विद्युत निबंधन सं0-4698/2013, जिसकी वैद्यता 31.12.2019 तक है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गई है।

12. निगम निविदा समिति का निर्णय:-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 24.09.2018 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के दो निविदाताओं (1) उत्सव कंस्ट्रक्शन, ग्राम-पगहीया, पो0-परसौनी कपूर, थाना-कथैया, मुजफ्फरपुर, बिहार एवं (2) मेसर्स आर0 के0 कंस्ट्रक्शन, महम्मदपुर, बेगुसराय को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है तथा शेष एक निविदादाता (2) मेसर्स राजा इन्टरप्राइजेज एण्ड कंपनी, ग्रा0+पो0-बभनगामा, जिला-बेगुसराय को असफल घोषित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 05.10.2018 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुन: तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुन: विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली निगम निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में दोनों सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 28.9.18 | Tapeshwar 28.09.18 | 28/9 |
| (रंजित प्र0 सिह) | (तपेश्वर प्र0 साह) | (राकेश कुमार) |
| महाप्रबंधक (दक्षिण) | महाप्रबंधक (वित्त) | मुख्य महाप्रबंधक |
| बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 28/9/18 | 28/9/18 | 28/9/18 |
| (अमित कुमार) | (उपेन्द्र नारायण) | (अमित कुमार) |
| संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | प्रबंध निदेशक बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |